हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, मंगलवार, 19 अगस्त 2025

11 श्रीराम के आदर्शों को अपना कर आगे बढ़...



12 मनीषा हत्याकांड के विरोध में आक्रोश रैली व विरोध प्रदर्शन



## खबर संक्षेप

### बिजली की समस्याओं के लिए समाधान शिविर आज

**नारनौल।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित समाधान हेतु 19 अगस्त को विशेष बिजली अदालत एवं बिजली बिल समाधान शिविर का आयोजन बिजली बोर्ड के सर्कल कार्यालय सिंघाना रोड में प्रातः 11 बजे से दोपहर एक बजे तक किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए अधीक्षक अभियंता जोगेंद्र हुड्डा ने बताया कि उपभोक्ता इस अवसर पर अपनी बिजली कनेक्शन से जुड़ी शिकायतें व बिल संबंधी समस्याएं सीधे अधिकारियों के समक्ष रख सकेंगे। विशेष शिविर में 50000 से एक लाख रुपये तक के बिजली बिल मामलों पर सुनवाई की जाएगी।



**महेंद्रगढ़।** मरीजों की ब्लड स्लाइड बनाते स्वास्थ्य विभाग की टीम।

### डेंगू मलेरिया से निपटने के लिए अभियान

**महेंद्रगढ़।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा डेंगू व मलेरिया से निपटने के लिए जिले में चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को गांव बुचावास उप स्वास्थ्य केंद्र पर हेल्थ इंस्पेक्टर पवन भारद्वाज व उनकी टीम द्वारा लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील कि वे अपने आसपास साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें और कूलर, गमले, पानी की टंकी आदि में पानी लंबे समय के लिए पानी को जमा न होने दें। उन्होंने कहा कि डेंगू से बचाव के लिए जन जागरूकता बहुत जरूरी है। स्वास्थ्य विभाग ने अपनी सभी टीमों को अलर्ट मोड पर रखा है और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। विभाग का उद्देश्य डेंगू के मामलों को नियंत्रित करना और लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि मच्छरदानी लगाकर सोएं, पूरी बाजू के कपड़े पहनें, और अगर कोई दिक्कत महसूस हो तो अपने नजदीकी अस्पताल से जांच करवाएं और बिना किसी चिकित्सक के कोई भी दवा का सेवन स्वयं न करें।

# पीजी में एडमिशन का अंतिम दिन आज, ओपन काउंसिलिंग के तहत होंगे दाखिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

कॉलेजों में स्नातकोत्तर विषय में दाखिला लेने का मंगलवार को अंतिम दिन होगा। इस दौरान दाखिले से वंचित विद्यार्थी भी आवेदन कर सकेंगे। महेंद्रगढ़ के दोनों कॉलेजों में अभी भी 15 प्रतिशत सीट खाली है। खाली सीट रहने पर आरक्षित सीटों पर अन्य कैटेगरी के विद्यार्थियों का दाखिला किया जाएगा।

बता दें कि उच्चतर शिक्षा विभाग की ओर से जारी शेड्यूल के अनुसार 16 जुलाई से 28 जुलाई तक आवेदन प्रक्रिया चली थी। 17 से 29 जुलाई तक ओटीपी के माध्यम से विद्यार्थी अपने आवेदन में बदलाव कर सकते थे। 17 से 29 जुलाई तक आवेदन पत्रों की जांच शुरू हुई थी। 30 जुलाई को पहली प्रोविजिनल मेरिट लिस्ट जारी हुई थी। वहीं 31 जुलाई को पहली मेरिट लिस्ट जारी की गई थी। एक अगस्त से चार अगस्त तक पहली मेरिट लिस्ट शामिल विद्यार्थियों को फीस जमा कर दाखिला लेने का समय दिया गया है। पांच अगस्त को फिजिकल काउंसिलिंग के तहत दाखिला ओपन हुए थे। इसके बाद छह अगस्त से आवेदन के लिए पोर्टल से फिर से ओपन हुआ था। 12 अगस्त तक विद्यार्थी 100 रुपये लेट फीस के साथ आवेदन कर दाखिला लिया था। इसके बाद 13 से 19 अगस्त तक प्रतिदिन 100 रुपये लेट फीस देकर आवेदन करने का अवसर दिया गया था। विद्यार्थियों को आवेदन के लिए आवेदन पत्र की प्रति, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो), आय प्रमाण पत्र (यदि लागू हो), पासपोर्ट साइज फोटो साथ लेकर आनी होगी।



32 महेंद्रगढ़। राजकीय महाविद्यालय महेंद्रगढ़। फोटो : हरिभूमि

### खास बातें

- महेंद्रगढ़ के दोनों कॉलेजों में 260 सीटों में से 220 सीट पर हुए है दाखिले, 40 सीट है अभी भी खाली
- खाली सीट रहने पर आरक्षित सीटों पर होंगे अन्य कैटेगरी के विद्यार्थियों के दाखिले

### फिजिकल काउंसिलिंग के माध्यम से होंगे दाखिले



राजकीय महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. प्रभा पूर्णा ने बताया कि स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में शेष बची हुई सीटों पर फिजिकल काउंसलिंग के माध्यम से दाखिले होंगे। जिन विद्यार्थियों का नाम प्रथम मेरिट सूची में नहीं आया है वह सुबह 9 बजे से दोपहर एक बजे तक महाविद्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर संबंधित प्रवेश समिति से संपर्क कर सकते हैं। जिन विद्यार्थियों ने ऑनलाइन फीस जमा कर दी है, उनके लिए अपने प्रवेश फॉर्म की हार्ड कॉपी समय पर संबंधित समिति को जमा कराना आवश्यक है। यदि कोई विद्यार्थी फीस जमा करने के बाद भी प्रवेश फॉर्म की हार्ड कॉपी जमा नहीं करता है तो उसका डेटा विश्वविद्यालय को नहीं भेजा जाएगा और इसकी पूरी जिम्मेदारी विद्यार्थी की स्वयं की होगी।

### महेंद्रगढ़ के दोनों कॉलेजों में 15 प्रतिशत सीट खाली

राजकीय महिला महिला में पीजी कोर्स की तीन कक्षाएं चल रहीं है। महिला कॉलेज में एमए अंग्रेजी की 40 सीट में से 30 सीट पर दाखिले हो चुके है। वहीं 10 सीट खाली है। वहीं एमकॉम 40 में से 7 सीट खाली है तथा एमएससी ज्योग्राफी में 40 में से 3 सीट खाली है। इसी प्रकार राजकीय महाविद्यालय में एमए अंग्रेजी में 50 में से 12 सीट खाली है। एमए हिंदी में 50 में से 3 सीट खाली है तथा एमएससी कैमेस्ट्रि में 40 में से 5 सीट खाली है।

## पूर्व मंत्री की अध्यक्षता में पारित किए सामाजिक बहिष्कार का निर्णय अनुचित

# मेडिकल कॉलेज का नाम महर्षि च्यवन रहने को अनेक संस्थाओं ने दिया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

कोरियावास गांव स्थित चिकित्सा महाविद्यालय का नाम महर्षि च्यवन के नाम पर ही रहे, इसके लिए चलाई गई मुहिम अब दो कदम ओर आगे बढ़ी है। इतिहास एवं संस्कृति संरक्षण संघ द्वारा चलाई गई इस मुहिम को मिलने वाले समर्थन में अब श्रीअरोड़ा सभा नारनौल व आजाद चौक युवा संगठन (रजि.) का भी समर्थन मिला है। गौरतलब हो की गत 16 जून को इतिहास एवं संस्कृति संरक्षण संघ के अध्यक्ष एवं जिला बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान मनीष वशिष्ठ एडवोकेट ने पत्रकारवार्ता करके कहा था कि जब कोरियावास गांव स्थित चिकित्सा महाविद्यालय का नाम महर्षि च्यवन के नाम पर अधिसूचित किया जा चुका है, तो उसके नाम परिवर्तन की मांग ना केवल अनुचित है अपितु निरर्थक भी है।

इतिहास एवं संस्कृति संरक्षण संघ के अध्यक्ष मनीष वशिष्ठ ने बताया कि इससे पूर्व समर्थन की कड़ी में सैनी सभा (रजि.) नारनौल, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन, नई दिल्ली, श्रीअग्रवाल सभा (रजि.) नारनौल, श्रीगौड़ ब्राह्मण सभा (रजि.) जिला महेन्द्रगढ़ स्थित नारनौल, श्री सनातन धर्म सभा (रजि.) नारनौल व अखिल भारतीय उद्योग व्यापार सुरक्षा मंच का समर्थन पत्र प्राप्त हो चुका है।



नारनौल। श्री अरोड़ा सभा के प्रधान नरेश गोगिया से समर्थन पत्र प्राप्त करते हुए मनीष वशिष्ठ।

### यह बोले वशिष्ठ

मनीष वशिष्ठ ने कहा कि जानकारी हुई है कि श्री यादव सभा नारनौल ने सभा के अध्यक्ष पूर्व मंत्री ओम प्रकाश यादव विधायक नारनौल की अध्यक्षता में मेडिकल कॉलेज का नाम शहीद राव तुलाराम बदलने का प्रस्ताव पारित किया है। कहा कि वे संस्थाओं के माध्यम से समर्थन एकत्रित कर रहे हैं, ऐसे में यादव सभा ने प्रस्ताव पारित कर दिया, उनका अपना निर्णय है, किन्तु यह भी जानकारी में आया है कि सभा के प्रधान जो जन प्रतिनिधि भी हैं तथा तीन बार से नारनौल के विधायक है, की अध्यक्षता में यह प्रस्ताव भी पारित किया है की जो शहीद राव तुलाराम नामकरण का विरोध करेगा।

## वीर अहीरों के शौर्य व बलिदान की भावना के साथ खिलवाड़ करना अभय यादव को पड़ेगा महंगा: इंजी तेजपाल यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

नांगल चौधरी क्षेत्र में पिछले आठ साल से स्टोन क्रेशरों से होते प्रदूषण के मुद्दे पर लड़ाई लड़ने वाले सामाजिक कार्यकर्ता इंजी. तेजपाल यादव ने सोमवार प्रेसवार्ता की। इसमें उन्होंने कोरियावास मेडिकल कॉलेज के नामकरण को लेकर चल रहे विवाद पर अपना पक्ष रखा।उन्होंने कहा कि हम कोरियावास मेडिकल कॉलेज के नामकरण को लेकर स्पष्ट हैं कि इसका नाम 1857 की क्रान्ति के महानायक शहीद राव तुलाराम के नाम पर होना चाहिए। कारण, कोरियावास गांव की 36 बिरादरी की सभी जाति के लोगों ने मिलकर मेडिकल कॉलेज के लिए नारनौल शहर की सीमा के नजदीक लगती हुई बेशकीमती 80 एकड़ जमीन को सरकार को मुफ्त में दिया है, उन लोगों की भावनाएं हैं कि इस मेडिकल कॉलेज का नाम राव तुलाराम के नाम से हो और उन लोगों की भावनाओं का सम्मान करना जरूरी है। इन लोगों की जन भावनाओं के साथ खिलवाड़ करना इस सरकार को महंगा पड़ सकता है।



नारनौल। प्रेसवार्ता करते इंजीनियर तेजपाल यादव व अन्य। *फोटो :हरिभूमि*

### पूर्व विधायक पर लगाए आरोप

उन्होंने कहा कि कोरियावास मेडिकल कॉलेज का नामकरण का मामला बड़ा ही रोचक है क्योंकि रातों-रात मेडिकल कॉलेज पर च्यवन ऋषि का नाम लिखना और कुछ समय बाद लोगों का धरने पर बैठ जाना यह सब कुछ सामान्य नहीं है, इसमें बहुत बड़े षड्यंत्र की बू आ रही है। षड्यंत्र यह है कि हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के साथ मिलकर नांगल चौधरी के पूर्व विधायक अभय सिंह यादव ने जानबूझकर च्यवन ऋषि का नाम आगे किया ताकि साधु संत की आड़ लेकर राजनीति की जा सके। हम च्यवन ऋषि का बेहद सम्मान करते हैं क्योंकि वह बहुत बड़े साधु संत व ऋषि थे।

## न्यूज डायरी



नारनौल। अवैध निर्माण हटाती जेसीबी मशीन। *फोटो : हरिभूमि*

### अवैध कॉलोनी पर चला प्रशासन का पीला पंजा

**नारनौल।** जिला नगर योजनाकार टीम ने सोमवार को शहरी क्षेत्र में सिंघाना बाईपास रोड पर लगभग तीन एकड़ भूमि में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी में तोड़फोड़ की कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार कुछ लोगों की ओर से लगभग तीन एकड भूमि में महानिदेशक नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग हरियाणा चण्डीगढ़ से बिना लाइसेंस अनुमति लिए अवैध कॉलोनी बनाई जा रही थी व रोड नेटवर्क बिछाए जा रहे थे। जिसे जिला प्रशासन की मदद से तोड़ दिया गया। इस कार्रवाई में छह चारदीवारी व 15 डीपीसी के साथ-साथ सभी कच्चे रास्ते उखाड़ दिए गए। यह पूरी कार्रवाई जिला नगर योजनाकार मंदीप सिंह सिहाग की अगुवाई में स्टाफ सदस्यों के साथ भारी पुलिस बल की मौजूदगी में अमल में लाई गई।

### फ्रॉड के मामले में एक और आरोपित गिरफ्तार

**नारनौल।** साइबर थाना पुलिस 35 लाख 91 रुपये का फ्रॉड करने के मामले में एक और आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। जिसकी पहचान शिवकुमार वासी मुरलीधर व्यास कॉलोनी बीकानेर राजस्थान के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपित को बीकानेर राजस्थान क्षेत्र से गिरफ्तार किया। ठगी के मामले में आरोपित के खाते का प्रयोग हुआ था। जिसकी जांच करने पर पुलिस ने पता लगाया कि आरोपित के खाते के खिलाफ देशभर में 13 शिकायतें दर्ज हैं। आरोपित से पूछताछ कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।



26 नारनौल। पुलिस गिरफ्त में आरोपित।



**कनीना।** बिजली सप्लाई गुल होने के बाद मोबाइल की रोशनी में शिकायतें सुनती स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव। *फोटो : हरिभूमि*

### बारिश व अंधेरे के बीच भी मंत्री ने सुनी समस्याएं

**कनीना।** जनता के प्यार व विश्वास के बीच सोमवार को कनीना ने आयोजित समाधान शिविर के दौरान मूसलाधार बारिश के बीच स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने जनता की समस्याएं सुन उनका निदान किया। महेंद्रगढ़ रोड स्थित समारोह स्थल में आयोजित शिविर में बारिश ने पूरा माहौल बदल दिया। चारों ओर घनघोर अंधेरा छाने के बाद भी आरती राव पीछे नहीं हटीं। बिजली सप्लाई गुल होने के बाद भी मोबाईल फोन की रोशनी में जन समस्याएं सुनने का क्रम जारी रखा। उन्होंने कहा कि जनता की हर समस्या का समाधान करना उनका धर्म व कर्तव्य है। मौसम चाहे जैसा भी हो, जनता की आवाज सुननी ही चाहिए। उनका यह दृश्य उपस्थित जनता के लिए प्रेरणादायक बन गया। शिविर में कुल 130 शिकायतें दर्ज की गई। जिनमें से अधिकांश का समाधान मौके पर ही कर दिया गया। अधिकतर शिकायतें बिजली निगम, नालों की सफाई, सड़कों की मरम्मत, राशन कार्ड व पेंशन से संबंधित थी। आरती राव ने अधिकारियों को शीघ्रता से समस्याओं के निपटान के निर्देश दिए। आरती राव ने जनता को आश्वासन देते हुए कहा सरकार का हर कदम जनता के हित में है। उनका प्रयास है कि किसी भी जरूरतमंद व्यक्ति को दर दर न भटकना पड़े।



**महेंद्रगढ़।** ग्रामीणों को संबोधित करते विधायक। *फोटो : हरिभूमि*

### हमारी सांस्कृति की पहचान कराते हैं मेले: कंवर सिंह

**महेंद्रगढ़।** गांव पथरवा स्थित जाहरवीर गोगाजी मंदिर में मेला व खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि विधायक कंवरसिंह यादव मौजूद रहे। मंदिर कमेटी द्वारा विधायक कंवर सिंह यादव का पगड़ी और मालाओं से स्वागत किया गया। विधायक ने कहा कि मेले हमारी सांस्कृतिक और धार्मिक विरासतों की पहचान कराते हैं। यह गांवों की संस्कृति के अहम हिस्से हैं। इसलिए हमें बढ़-चढ़कर हमारी भागीदारी होनी चाहिए। मेले जीवन में खुशी और उत्साह लाते है और लोगों को एक-दूसरे से मिलने और अपनी संस्कृति को जानने का अवसर प्रदान करते हैं। मेले जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, जो मनोरंजन, सामाजिक संपर्क और सांस्कृतिक आदान-प्रदान प्रदान करते हैं।

## आधारशिला विद्यापीठ स्कूल में दिखी देशभक्ति की झलक

- देश भक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

आधारशिला विद्यापीठ हाई स्कूल हुडीना में देश भक्ति व ईश्वर भक्ति से ओतप्रोत रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नर्सरी क्लास से लेकर 10वीं कक्षा तक के बच्चों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम का आरंभ बच्चों के बुजुर्ग से ध्वजारोहण करवाकर किया गया। नौवीं व 10वीं कक्षा के विद्यार्थी दृष्टि, हरजस सिंह, जतिन, जिज्ञांश, मयंक ने भगवान श्रीलड्डू गोपाल जी की एक अद्भुत व सुंदर झांकी का निर्माण किया। जिन्हें देखकर उपस्थित माता पिता मंत्र मुग्ध हो गए। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण देशभक्ति व श्री कृष्ण के भक्ति रस में डूबे गीतों पर मनमोहक नृत्य रहे। किंडर गार्टन के बच्चों वाली ने भगवान श्रीकृष्ण, राधा का रूप धारणकर व फौजी बनकर देशभक्ति स्लोगन का उच्चारण किया। कक्षा प्रथम के बच्चों ने देशभक्त रस की एक कविता का संयुक्त रूप से गायन किया। कक्षा दो के विद्यार्थी पियूष ने नेताओं द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार पर तंज कसती हुई कविता सुनाई। कक्षा आठवीं की छात्रा आकृति व कक्षा चौथी की छात्रा वाणी व पूर्वी ने भाषण में संदेश दिया कि केवल 15 अगस्त के दिन तिरंगा झंडा फहराने मात्र से ही देशभक्त नहीं होती। देशभक्ति का मतलब है सभी धर्म का सम्मान करना, भ्रष्टाचार न करना, जात पात से ऊपर उठकर सब भाईचारे के साथ रहना, सत्ता के हर अन्याय के खिलाफ आवाज उठाना व एक विद्यार्थी, तभी देशभक्त कहलाएगा जब वह लगन से पढ़ेगा। आठवीं कक्षा की खुशी, सृष्टि व आकृति ने गुजराती नृत्य, पांचवीं से 10वीं तक विद्यार्थियों ने भक्ति भाव से पूर्ण राधा कृष्ण की गोपियों संग रासलीला का मंचन किया।



**नारनौल।** सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं। *फोटो : हरिभूमि*

## सीवर में हुई मौत के मामलों को 'नमस्ते पोर्टल' पर अपलोड करवाएं

# डीसी ने अफसरों को बैठक में दिए जरूरी निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मैनुअल स्कैवेंजर्स के रूप में रोजगार का निषेध व उनका पुनर्वास अधिनियम 2013 के प्रावधानों को प्रभावी ढंग से लागू कराना सुनिश्चित करें। इस मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही के लिए अधिकारी खुद जिम्मेदार होंगे। डीसी सोमवार को हरियाणा सरकार के आयुक्त एवं सचिव के साथ हुई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के बाद अधिकारियों की बैठक ले रहे थे।

डीसी ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 20 अक्टूबर 2023 को रिट याचिका सिविल में डॉ. बलराम सिंह बनाम भारत संघ व अन्य के मामले में दिए गए निर्देशों को सख्ती से लागू कराएं। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में 14 निर्देश जारी किए हैं। जिला महेंद्रगढ़ में हाथ से मैला ढोने की प्रथा को पूरी तरह से समाप्त किया जा चुका है। अब स्वच्छता कर्मचारियों के कल्याण को सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से सीवर की सफाई के दौरान होने वाली मौतों के मुआवजे से संबंधित निर्देश पर जोर दिया। उन्होंने यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि इस आदेश का अक्षरशः पालन हो और सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर इन निर्देशों को युद्ध स्तर पर लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि यह निर्देश न केवल स्वच्छता कर्मचारियों की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने के लिए है, बल्कि मानवीय गरिमा को बनाए रखने के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीवर में हुई मौत के मामलों को नमस्ते पोर्टल पर अपलोड करवाना सुनिश्चित करें। इस बैठक में जिला नगर आयुक्त रणवीर सिंह, जन स्वास्थ्य विभाग के एसई एसपी जोशी, एक्सईएन जितेंद्र हुड्डा व जिला कल्याण अधिकारी अमित शर्मा के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।



नारनौल। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान मौजूद डीसी डॉ. विवेक भारती।

### खास बातें

- आयुक्त एवं सचिव की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के बाद डीसी ने ली अधिकारियों की बैठक
- मैनुअल स्कैवेंजर्स के रूप में रोजगार का निषेध और उनका पुनर्वास अधिनियम 2013 को लागू करने के निर्देश

### स्वास्थ्य कर्मचारियों ने मंत्री आरती राव को सौंपा ज्ञापन

**कनीना।** स्वास्थ्य विभाग में जियो फेंसिंग लोकेशन आधारित उपस्थिति दर्ज करने के आदेश को अव्यावहारिक व असंवैधानिक बताते हुए सोमवार को विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों की तालमेल कमेटी के सदस्यों ने गांव सीहोर में आयोजित जनसभा में प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती राव सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में तालमेल कमेटी ने मंत्री से आग्रह किया कि इस गैरकानूनी आदेश को सरकार तक पहुंचाकर वापस लिया जाए तथा आगामी विधानसभा सत्र में भी इसकी आवाज बुलंद की जाए। इस पर स्वास्थ्य मंत्री ने आश्वासन दिया कि मुख्यमंत्री व संबंधित अधिकारियों से बातचीत कर उचित समाधान निकाला जाएगा।



नारनौल। बैठक को संबोधित करती एसपी पूजा वशिष्ठ। फोटो : हरिभूमि

### एसपी ने पुलिस अफसरों के साथ की बैठक

**नारनौल।** पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने सोमवार को अपने कार्यालय में डीएसपी, थाना प्रबंधकों, चौकी इंचार्जों के साथ बैठक की। जिसमें उन्होंने उच्चाधिकारियों की ओर से दिए गए निर्देशों के बारे में अवगत कराया व उनकी पालना करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी डीएसपी, थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि रात के समय में ईआरवी, पीसीआर, राइडर की चेकिंग करें तथा उन पर तैनात पुलिस कर्मचारियों से प्रभावी ढंग से गश्त कराएं। पुलिस अधीक्षक ने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए कि लंबित मामलों का जल्द से जल्द निपटान करें। उन्होंने निर्देश दिए कि समय समय पर डॉग स्क्वायड टीम के साथ चेकिंग अभियान चलाकर नशे पर प्रभावी कार्रवाई करें। पुलिस अधीक्षक ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने थाना प्रबंधकों से ग्राउंड स्तर पर आने वाली समस्याओं की जानकारी ली व उनके संबंध में सुझाव भी लिए। इस मौके पर डीएसपी सुरेश कुमार, डीएसपी भारत भूषण, थाना प्रबंधक, चौकी इंचार्ज व संबंधित ब्रांच इंचार्ज मौजूद रहे।

रोहतक, मंगलवार
19 अगस्त 2025
हरिभूमि

# सहेली



चालीस-पैंतालिस की उम्र में आकर हम यही सोचते हैं, अब जिंदगी में कुछ नया करने, बड़ा करने के दिन गए। जबकि ऐसा कुछ नहीं है, किसी भी उम्र में अपने सुहाने सपने पूरे किए जा सकते हैं। अपनी एक पहचान बनाई जा सकती है। बस जरूरत है, हम अपने भीतर उत्साह-उमंग और जोश समेटे रहें, पूरी तरह आशावादी रहें।

## अभी देर नहीं हुई आज भी संवर सकती है जिंदगी

कवर स्टोरी
शिखर चंद जैन

आज अमृता का पैंतालिसवां जन्मदिन था। हर कोई उसे बधाई दे रहा था, लेकिन वह उदास थी। उसकी सहेली सुरभि ने अकेले में उसकी उदासी की वजह पूछी तो फूट-फूट कर रो पड़ी, बोली, 'मैं पैंतालिस साल की हो गई हूं। अभी तक मेरा अपना फ्लैट नहीं है, किराए के फ्लैट में रह रही हूं। न ही अभी तक मेरे किसी बच्चे की शादी हुई है। मेरे सब भाई-बहनों और सहेलियों के अपने फ्लैट हैं। बच्चे पढ़-लिख गए, उनकी शादी भी हो गई है। जिंदगी बीती जा रही है और मैं अब तक कुछ भी अचीव नहीं कर पाई।' सुरभि ने अमृता को समझाया, 'सुन अमी! न्यूयॉर्क कैलिफोर्निया से तीन घंटे आगे है, लेकिन इससे कैलिफोर्निया पीछे नहीं रह गया। पचास वर्षीया स्नेहा को आज सब जानते हैं, क्योंकि वह एक मल्टीनेशनल कंपनी में सीईओ हैं, लेकिन पांच साल पहले तक उसे कोई नहीं जानता था। जबकि सचिन तेंदुलकर को 16 वर्ष की आयु में पूरी दुनिया जानने लग गई थी। कोई अड़तालिस साल की उम्र तक कुंवारा रह जाता है, फिर जीवनसाथी ढूंढ़ पाता है, जबकि किसी की शादी अट्ठाइस वर्ष की उम्र में हो जाती है, लेकिन तलाक होने की वजह से वह पैंतालिस वर्ष की उम्र में फिर से अकेला हो जाता है। ओबामा पचपन की उम्र में रिटायर हो गए, जबकि ट्रंप ने राजनीतिक शुरुआत ही 70 वर्ष की उम्र में की थी। दरअसल, दुनिया में हर किसी के समय का एक दौर या टाइम जोन होता है। कोई आपसे आगे दिख सकता है, तो कोई पीछे। लेकिन हर कोई अपनी दौड़ में अपने समय पर है। न किसी से ईर्ष्या करने की जरूरत है और न नकल करने या दुखी होने की। वे अपने टाइम जोन में हैं, हम अपने जोन में। सही समय का इंतजार करना ही जिंदगी है। रिलैक्स करो। तुम एकदम समय पर हो और विधाता ने तुम्हारे लिए जो टाइम जोन सेट किया है, उसी के मुताबिक हो।' सुरभि ने अमृता से बिल्कुल सही कहा। हमें बीतती हुई उम्र के लिए चिंतित होने की बजाय, इन बातों पर ध्यान देना चाहिए-

### कुछ नया करने की कोई उम्र नहीं होती



इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपकी उम्र कितनी है। आप यह मान कर चलें कि आज भी उतनी ही ऊर्जावान हैं, जितनी बीस-बाइस साल की उम्र में थीं। बड़ी उम्र में आना, जीवन का अंत नहीं है। यह आने वाले दिनों की नई शुरुआत है। अपने लक्ष्य तय करें और उन्हें हासिल करें। आप डांस या म्यूजिक सीखना चाहती हैं, अकेले दुनिया घूमना चाहती हैं, कोई नया और कुछ अलग हटकर शौक अपनाना चाहती हैं। बस, आप जो चाहती हैं, कर डालें, झिझकें नहीं। याद रखें, आपको एक ही जिंदगी मिली है, इसलिए वो सब करें, जो आपका दिल करना चाहे, लेकिन दुखी ना हों।

### सेहत पर पूरा ध्यान दें



अब तक आपने अपने सास-ससुर, पति, बच्चों आदि के लिए ही सब कुछ किया और कभी अपनी सेहत का ध्यान नहीं रखा। खूब काम किया और वो सब कुछ किया, जिससे आपकी सेहत को नुकसान पहुंच सकता था। चालिए कोई बात नहीं, जब जागो तभी सवेरा। अब आपकी अपनी देखभाल का उचित समय आ गया है। अच्छा खाएं, व्यायाम करें, प्रकृति के नजदीक रहें, ध्यान लगाएं। जितनी अच्छी आदतें आप इस समय अपनाएंगी, उतनी ही स्वस्थ आप आने वाले समय में उम्र के पचास-साठ के दशक में रहेंगी।

### समय किसी के लिए नहीं रुकता

समय सतत चलायमान है। यह किसी के लिए नहीं रुकता है, लेकिन जैसे-जैसे यह बीतता है, नई सीख भी देता जाता है। समय के इस चक्र में कभी-कभी हमारी सीख और हमारे अनुभव भी असहाय नजर जाते हैं। कई बार हमें लगता है कि जिनसे हमारा सामना आज हो रहा है, उसे हमें बहुत पहले ही जान लेना चाहिए था। ऐसी ही कुछ बातें हैं, जिनको सुनने के बाद लगता है 'काश! ये सीख जवानी में मिली होती तो आज जीवन और भी सुखमय हो सकता था।'

### रहें हमेशा आशावादी

जिस तरह हर रात की सुबह होती है, ठीक उसी तरह हर पहलू का अंत होता है और एक नए पहलू का जन्म होता है। दुख है तो उसका अंत भी होगा और जीवन का अगला पड़ाव खुशियों से भरा होगा। अगर आपने अपना पूरा ध्यान भविष्य की चिंता पर लगा दिया तो इससे मौजूदा पल आपसे बिछड़ सकते हैं। इसलिए हर पल को जिएं और हर पल का लुत्फ उठाएं।

### अपने सपनों को पूरा करें

कई बार लोग चालीस पार जाते ही सोचने लगते हैं कि बदलाव के लिए अब बहुत देर हो चुकी है। आप भी ऐसा सोचती हैं तो अपने को बदलिए। महिलाएं कई बार युवावस्था में जो शौक जिम्मेदारियों के बोझ के कारण पूरे न कर पाईं, उन्हें मौका मिलने और इच्छा होने के बावजूद लोकलाज या लोगों की टिप्पणी से डर कर पूरा नही करतीं। दूसरे क्या कहेंगे, यह सोचना छोड़िए और जीवन में जो भी अवसर मिले, उसे लपक कर पकड़ें। यह सोचकर कि अब तो आप चालीस के पार हो चुकी हैं, नया क्या करना, हाथ में आया अवसर गंवाएं नहीं। आप बस एक ही बात सोचिए, नई शुरुआत करने के लिए अभी बहुत देर नहीं हुई है। जीवन आज भी संवारा जा सकता है। अपनी एक बड़ी पहचान बनाई जा सकती है।

## एक दायरे में रह कर निभाएं रिश्ते

एक तरफ तो हम इस आधुनिक जीवनशैली में अपने रिश्तों से दूर होते जा रहे हैं, दूसरी ओर रिश्ते इस तरह निभाए जा रहे हैं, जो तनाव का सबब बन रहे हैं। रिश्तों में वो अपनापन और मधुरता नहीं दिखती, जो पहले कभी दिखती थी। सवाल यह है कि हम अपने रिश्तों का निर्वाह किस तरह करें, ताकि हमारे रिश्ते बने रहें। आपके लिए बहुत जरूरी सलाह।

रिलेशनशिप
बुशरा फातमा



आज की जीवनशैली में हम इस कदर व्यस्त हो गए हैं कि तमाम सुख-सुविधाओं के बावजूद अकेलापन महसूस करते हैं, भीतर एक बेचैनी रहती है। ऊपर से हम अपनों से दूर रहकर सोशल मीडिया के आभासी रिश्तों में उलझे रहते हैं। इसकी बड़ी वजह है, पारिवारिक रिश्तों में बढ़ती दूरियां। देखा जाए तो रिश्तों में अब वो अपनत्व नहीं रहा, जो पहले कभी हुआ करता था। इसकी एक मुख्य वजह एक यह भी है कि कई रिश्ते अब ऐसे हो गए हैं, जो हमें मानसिक तनाव देते हैं। ऐसे में रिश्तों में दूरियां आना स्वाभाविक है। स्प्रिचुअल गुरु अशोक रोडे रिश्तों के इस बदलते रूप को एक अलग नजरिए से देखते हैं। वह कहते हैं, 'रिश्तों को एक दायरे में रहकर निभाया जाए तो इससे इंसान ना सिर्फ अनावश्यक तनाव से बच सकता है बल्कि रिश्तों में बढ़ती दूरी को खत्म भी किया जा सकता है।'

**जरूरी है दोनों तरफ से रिश्तों का निर्वहन:** हमारे आस-पास कई ऐसे लोग होते हैं, जो सिर्फ अपने फायदे के लिए ही रिश्ते रखते हैं। वे चाहते हैं, जब उन्हें आपकी जरूरत हो तो आप उपलब्ध रहें। हमेशा उनकी मदद के लिए खड़े रहें, लेकिन जब आपको उनकी जरूरत हो तो वो उपलब्ध नहीं होंगे, व्यस्तता का बहाना बना देंगे। इसलिए ऐसे रिश्तों से सावधान रहें। ऐसे लोगों का जब कोई काम हो तो आप उन्हें काम करने के लिए साफ मना कर दें। इसमें कोई बुराई नहीं है। आसानी से अपनी उपलब्धता देते रहना, अपनी वैल्यू घटाना है, साथ ही ऐसे लोग रिश्तों को कमजोर भी बनाते हैं। रिश्तों में दोनों तरफ से निर्वहन जरूरी है, यह भावना रिश्तों को मजबूत बनाती है। इसमें नकारात्मकता की कोई गुंजाइश नहीं रहती।

**मेडिटेशन और योग करें:** अगर टॉक्सिक रिलेशनशिप से तनाव ज्यादा बढ़ रहा है तो इससे दूरी बनाएं। इस संबंध में एक बात बहुत लाभदायक सिद्ध हो सकती है, वो है योग का सहारा लेना। नकारात्मक मूड से निकलने के लिए सबसे आसान तरीका है- मेडिटेशन और योगासन। इसका नियमित अभ्यास हमें रिश्तों को संभालना सिखाता है, हमें तनावमुक्त करता है।

**सीखें ना कहने की कला:** कई बार सामने वाले से आपकी किसी बात को लेकर सहमति नहीं होती, लेकिन उसे तकलीफ ना पहुंचे, इसलिए आप अपनी असहमति प्रकट नहीं करतीं। लेकिन कुछ ना कह पाने की झिझक रिश्तों को घुन की तरह खाती रहती है, इससे रिश्ते खोखले होते चले जाते हैं। इसलिए गैरजरूरी कामों के लिए ना कहना सीख लें।

### सोशल मीडिया पर रिश्तों की परख जरूरी



**इन दिनों** यह बहुत ही आम बात है कि हर इंसान के पास लैपटॉप-स्मार्टफोन है, जो वर्चुअल रिश्तों को खूब बढ़ावा दे रहा है। लेकिन इस तरह के रिश्तों में बढ़ती घटनाओं ने हमें यह सबक सिखाया है कि वर्चुअल रिश्तों की परख होना बहुत जरूरी है, साथ एक सीमित दायरे में रिश्ते बनाए रखना चाहिए। इस वर्चुअल वर्ल्ड में भले ही अनगिनत रिश्ते चंद दिनों में बन जाते हैं, लेकिन इन पर आंख मूंदकर भरोसा करना समझदारी की बात नहीं है।

**सेल्फ डिफेंस मैकेनिज्म:** स्प्रिचुअल गुरु अशोक रोडे इस बात को बहुत अहमियत देते हैं कि हर इंसान को सेल्फ डिफेंस मैकेनिज्म की समझ होनी चाहिए, जैसे आप किसी ऐसी स्थिति में हैं कि जहां बात बिगड़ सकती है, वहां आपका व्यवहार और रवैया बहुत अहम हो जाता है। स्थिति का अच्छा-बुरा होना हम पर निर्भर करता है। बिना चिल्लाए, गुस्सा किए कई बार हम स्थिति को संभाल सकते हैं।

## अपने घर को दें ईको फ्रेंडली लुक

डेकोरेशन
राना हक

डेकोरेटिव आइटम्स से सजा घर सभी को आकर्षक लगता है। लेकिन अगर आप चाहती हैं कि आपके होम डेकोरेशन को नेचुरल लुक मिले तो आप कुछ ईको फ्रेंडली आइडियाज को फॉलो कर सकती हैं। आपके लिए यूजफुल आइडियाज।



आमतौर पर घर की सजावट का सामान खरीदते समय हम इस बात को अनदेखा कर देते हैं कि उसका पर्यावरण पर क्या असर पड़ेगा? हमारी छोटी-छोटी लापरवाहियों से भी पर्यावरण पर बुरा असर पड़ता है। ऐसे में समझदारी इसी में है कि अपने घर को इस तरह सजाया जाए, जिससे घर दिखने में तो सुंदर लगे ही, पर्यावरण को भी कोई नुकसान न हो।

**इंडोर प्लांट्स से आए हरियाली:** घर अगर छोटा हो और बालकनी में पर्याप्त जगह न हो तो घर सजाने के लिए इंडोर प्लांट्स बेहतरीन ऑप्शन हैं। इंडोर प्लांट्स की खास बात ये है कि इनमें से ज्यादातर एयर प्यूरीफायर का काम करते हैं, जो सजावट के साथ-साथ आपके घर की हवा को साफ रखने में भी मदद करते हैं। इस बात का ध्यान रखें कि



इन प्लांट्स को प्लास्टिक पॉट के बजाय सेरेमिक या रिसाइकल्ड बॉटल्स में लगाएं।

**लिविंग रूम में केन फर्नीचर:** यूं तो मार्केट में कई तरह के फैंसी फर्नीचर मिल जाते हैं। लेकिन इनमें से अधिकांश कुछ ही समय में खराब होने लगते हैं। इनके बजाय आप केन फर्नीचर से अपने घर के लिविंग रूम को डेकोरेट कर सकती हैं। इनकी खासियत यह होती है कि ये बहुत टिकाऊ होते हैं। इन्हें ज्यादा देखभाल की जरूरत नहीं पड़ती, जिससे ये सालों-साल घर की शोभा बढ़ाते रहते हैं। अब तो केन फर्नीचर भी मार्केट ट्रेंड के हिसाब से मॉडर्न लुक में उपलब्ध हैं। ऐसे फर्नीचर को तैयार करने में ट्रेडिशनल के साथ-साथ मॉडर्न टेक्सचर का भी इस्तेमाल किया जाता है। इसीलिए ये अट्रैक्टिव लगते हैं और इनसे पर्यावरण को कोई नुकसान भी नहीं होता है।

**नेचुरल फैब्रिक का करें यूज:** घर में यूज किए जाने वाले ज्यादातर फैंसी कर्टेन सिंथेटिक फाइबर के बने होते हैं। ये एन्वॉयर्नमेंट के लिए हार्मफुल होते हैं। इसलिए जहां तक संभव हो कर्टेन, कुशन कवर, बेडशीट जैसी चीजों के लिए नेचुरल फैब्रिक का सेलेक्शन करें। कॉटन, लिनेन, जूट जैसे फैब्रिक थोड़े महंगे जरूर होते हैं, लेकिन इनकी लाइफ लंबी होती है। ये आपके खर्च को कंट्रोल करने में मदद करते हैं और पर्यावरण के लिए भी अच्छे होते है।

**मल्टीपर्पस सामानों का करें यूज:** आजकल फ्लैट कल्चर में डेकोरेटिव आइटम्स रखने के लिए स्पेस बहुत कम ही बचता है। इसलिए जहां तक संभव हो ऐसे फर्नीचर का चुनाव करें, जिसका इस्तेमाल कई तरह से किया जा सकता है। फोल्डेबल टेबल्स, स्टोरेज टूल, डेकोरेटिव बॉक्सेस दिखने में अच्छे लगते हैं और इनका इस्तेमाल भी कई तरह से किया जा सकता है। ऐसे मल्टीपर्पस सामान यूज करने से जो स्पेस बचता है, उसमें आप मनपसंद डेकोरेटिव आइटम्स रख सकती हैं।

**हैंडक्राफ्टेड डेकोरेटिव आइटम्स:** घर सजाते समय अगर आप छोटी-छोटी बातों का ख्याल रखेंगी तो ये न सिर्फ बजट के लिए सही रहता है,



बल्कि ईकोफ्रेंडली ऑप्शन अपना कर पर्यावरण को बचाने में भी मदद कर सकती हैं। जैसे-वॉल हैंगिंग्स, पॉट्स, किचेन टूल्स, क्ले पॉट्स जैसे हैंडीक्राफ्टेड आइटम्स बहुत अट्रैक्टिव तो लगते ही हैं, ईकोफ्रेंडली भी होते हैं।

## यूज करें होममेड मॉयश्चराइजर चेहरा दिखेगा खिला-खिला

स्किन केयर
शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

सीजन कोई भी हो, स्किन केयर के लिए पूरे साल मॉयश्चराइजर का इस्तेमाल करना जरूरी है। यह न केवल स्किन को हाइड्रेट करता है बल्कि स्किन को सॉफ्ट बनाता है और सुरक्षित रखता है। आप होममेड मॉयश्चराइजर यूज कर सकती हैं।

**नॉर्मल स्किन:** अगर आपकी स्किन नॉर्मल है तो आप बादाम और एलोवेरा का मॉयश्चराइजर बना सकती हैं। इसे बनाने के लिए एक बड़े कटोरे में आधा कप एलोवेरा जैल, 2 बड़े चम्मच जोजोबा या बादाम का तेल, लैवेंडर एसेंशियल ऑयल की 5-6 बूंदें मिलाएं। जब तक ये फ्लफी न हो जाएं, इन्हें मिलाते रहें। इसके बाद इसे एक एयरटाइट कंटेनर में भर कर फ्रिज में रख दें। आप इसे जरूरत के मुताबिक लगा सकती हैं। इस



क्रीम का इस्तेमाल करने से पहले चेहरे को पानी और फेस वॉश से क्लीन करना न भूलें।

**ऑयली स्किन:** ऑयली स्किन के लिए भी आप मॉयश्चराइजर घर में बना सकती हैं। कांच के कटोरे में ताजा एलोवेरा से एक चम्मच एलोवेरा जैल निकाल लें। इसमें एक चम्मच शहद मिला लें। अब इस मिश्रण में आधा चम्मच नारियल तेल और आधा चम्मच बादाम का तेल मिलाकर इसका पेस्ट बना लें। जब पेस्ट क्रीम की तरह मिक्स हो जाए तो इसे कांच की बोतल में रख कर फ्रिज में स्टोर कर लें। इस मॉयश्चराइजर को आप नियमित रूप से उपयोग कर सकती हैं।



ऑयली स्किन के लिए आप यह तरीका भी अपना सकती हैं। एक पैन में थोड़ा सा गुलाब जल लें और उसमें एक कप गुलाब की पंखुड़ियां डालकर इसे उबाल लें। जब घोल ठंडा हो जाए तो इसे छान लें। अब इसमें एलोवेरा जैल मिलाएं और इस मिश्रण को फ्रिज में रख दें। इसे अपने चेहरे पर लगाकर छोड़ दें। ऐसा आप हर रात सोने से पहले करती रहें। इससे स्किन सॉफ्ट बनेगी।

**ड्राई स्किन:** अगर आपकी स्किन ड्राई है तो भी आप मॉयश्चराइजर बना सकती हैं। ड्राई स्किन के लिए एक कटोरे में एक चम्मच शहद और दो चम्मच ग्लिसरीन डालें। इस मिश्रण में दो चम्मच एलोवेरा जैल डालकर अच्छे से मिला लें। अब इस मिश्रण में दो चम्मच ग्रीन टी का पानी डालकर इसे अच्छे से पेस्ट बना लें। जब पेस्ट क्रीम की तरह मिक्स हो जाए तो इसे कांच की बोतल में रख लें। अब इस बोतल को फ्रिज में रख दें और इस मॉयश्चराइजर का इस्तेमाल जरूरत के अनुसार करें। आपका चेहरा हमेशा खिला हुआ नजर आएगा।

## रेनी सीजन में क्या खाएं-क्या न खाएं

बारिश के मौसम में कई तरह की बीमारियां खान-पान में लापरवाही से होती हैं। ऐसे में आपको जरूर जानना चाहिए कि इस मौसम में अपनी डाइट को लेकर क्या सावधानियां बरतनी जरूरी हैं?

डाइट सजेशन
डॉ. अदिति शर्मा, डाइटीशियन

बारिश के मौसम में कई तरह की बीमारियां होने की आशंका बढ़ जाती है। नमी और गंदगी के कारण बैक्टीरिया, वायरस और फफूंद तेजी से बढ़ते हैं। ऐसे में जरा सी लापरवाही आपके स्वास्थ्य को बिगाड़ सकती हैं, इसलिए खान-पान को लेकर विशेष ध्यान रखना चाहिए। आइए जानते हैं, इस सीजन में कैसी हो आपकी डाइट।



**ताजा-गर्म भोजन:** इस मौसम में बाहर का खाना खाने से परहेज करें, क्योंकि इस मौसम में पाचन शक्ति कमजोर हो जाती है, इसलिए घर का बना ताजा और गर्म खाना ही खाएं। हमेशा हल्का खाना खाएं। तले-भुने व्यंजनों से भी परहेज करें। दलिया, खिचड़ी, दाल, सूप को अपने खाने में शामिल करें। ठंडा और फ्रिज में रखा हुआ खाना न खाएं।

**इम्यूनिटी को मजबूत बनाएं:** अपनी इम्यूनिटी को मजबूत बनाने के लिए तुलसी, अदरक वाली चाय का सेवन करें। काढ़ा पीने से भी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। इससे इन दिनों होने वाली बीमारियों से भी आप सुरक्षित रहती हैं।

**मौसमी सब्जियां-फल:** मौसमी सब्जियों और फलों को अपने आहार में शामिल करना चाहिए। इस मौसम में लौकी, परवल, तोरी, और सीताफल खा सकती हैं, क्योंकि ये सब पेट के लिए बहुत ही फायदेमंद होती हैं लेकिन इसे बनाने से पहले अच्छी तरह से जरूर साफ कर लें। इसके अलावा रंग-बिरंगे फलों का भी सेवन फायदेमंद होता है जैसे सेब, आम, जामुन, अमरूद, चेरी, स्ट्रॉबेरी और आलू बुखारा खा सकती हैं। इसमें फाइबर और विटामिंस होते हैं, जो हमारे शरीर के लिए बहुत ही लाभदायक होते हैं। ये हमारे इम्यूनिटी सिस्टम को मजबूत बनाने में सहायक होते हैं। लेकिन खाने से पहले फलों को अच्छी तरह धोना जरूरी है।

**आटा-चावल:** इस मौसम में बाजरा, रागी और गेंहू के आटे को बदल-बदल कर खाना चाहिए। बाजरा और रागी में प्रोटीन, कैल्शियम बहुत होता है। इसके अलावा चावल में ब्राउन राइस लें, क्योंकि ये हार्ट, शुगर और बीपी के लिए बहुत ही फायदेमंद होता है।

**लिक्विड:** बरसात के मौसम में गुनगुने पानी का ही सेवन करें या फिल्टर का पानी पीएं। इसके साथ नीबू पानी, नारियल पानी, सूप पीना भी फायदेमंद होता है।

प्रस्तुति: संध्या रानी

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से। हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

## खबर संक्षेप



### महाराजा अग्रसेन जयंती को लेकर हुई बैठक

**नारनौल।** अग्रवाल सभा में महाराजा अग्रसेन जयंती को भव्य रूप से मनाने के संदर्भ में बैठक का आयोजन अग्रवाल सभा भवन कार्यालय में प्रेमचन्द गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें महाराजा अग्रसेन जयंती 22 सितंबर को भव्य रूप से मनाने के लिए सभी पदाधिकारियों व कार्यकारणी सदस्यों ने अपने अपने विचार रखे। प्रधान ने सभी लोगों के विचार सुनकर निर्णय किया कि ये जयंती समारोह हर वर्ष कि भाति इस वर्ष भी बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा।

### गुरु रविदास महासभा के चुनाव 31 को

**नारनौल।** गुरु रविदास महा सभा के प्रधान बलबीर सिह बबेरवाल ने बताया कि कार्यकारिणी के त्रिवार्षिक चुनाव पूर्व में चार सितंबर 2022 को करवाए गए थे। जिसकी अवधि अगस्त में पूर्ण हो रही है। अतः इस महासभा की आम बैठक में लिए गए फैसले के अनुसार महासभा की कार्यकारिणी के चुनाव 31 अगस्त को करवाए जाएंगे। जिसमें प्रधान, उपप्रधान, महसचिव, सहसचिव, कोषाध्यक्ष व पांच कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव किया जाएगा। चुनाव अधिकारी शिवतज सिंह, एडवोकेट गजानंद दोचानिया व एडवोकेट भीमसिंह दहिया को सर्वसमति से मनोनित किया गया है।

### यदुवंशी में सुभाष चंद्र बोस की पुण्यतिथि मनाई

**नारनौल।** तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा के नारे से जय घोष कर लाखों युवाओं के दिलों को स्वतंत्रता आंदोलन के लिए प्रेरित करने वाले नेताजी सुभाष चंद्र बोस की पुण्यतिथि यदुवंशी डिग्री कॉलेज पटीकरा में मनाई गई। यदुवंशी एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन व पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने सभी युवाओं को उनसे प्रेरित होने के लिए संदेश दिया। इस मौके पर संस्था निदेशक सुरेश यादव, डॉ. प्रदीप यादव, प्राचार्य बजरंगलाल, उपप्राचार्या सोनल यादव, जितेंद्र यादव ने सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि अर्पित की।

*कनीना में झमाझम बारिश से बिगड़े मुख्य मार्ग के हालात आमजन की बढ़ी मुसीबत*

# बारिश का पानी जमा होने से टूटी सड़क बनी तालाब, बढ़ी परेशानी

- जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग व लोकनिर्माण के अधिकारी बने मूकदर्शक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना


**कनीना।** में रेवाड़ी रोड पर जमा बारिश के बीच से गुजरते वाहन।

क्षेत्र में सोमवार को हुई झमाझम बारिश का पानी कनीना कोसली रेवाड़ी रोड टी प्वाइंट पर जमा होने से खंडित हो चुके सड़क मार्ग के हालात बिगड़ गए हैं। टूटा हुआ रोड पानी में दिखाई नहीं देने के कारण वाहन टिक कर क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। प्रबुद्धजनों की माने तो यह सारे हालात जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग व लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों की अकर्मण्यता के कारण पैदा हो रहे हैं। जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी इस पानी की निकासी के लिए सीवरेज में डालने के लिए कोई प्रयास नहीं कर रहे हैं। वहीं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की ओर से बीते वर्ष कनीना महेंद्रगढ़ सड़क मार्ग के दोनों ओर किए गए नाला निर्माण के बाद बारिश के पानी की डिस्पोजल व्यवस्था नहीं की गई। जिसके चलते हल्की बारिश में ही सड़क पर जलभराव हो जाता है। पानी निकासी के लिए दोनों विभागों के बीच तालमेल न होने से समस्या गहराती जा रही है। जिसका खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ रहा है। बाजार में दुकानदारों की ओर से नाले के सिरे तक मिट्टी का भराव करने से भी सड़क पर पानी जमा हो रहा है। दूसरी ओर बारिश पानी जमा होने से खरीफ की फसल में नुकसान की संभावना बनने लगी है। कपास का भंडारण शुरू होने के साथ साथ बाजरे की अगेती फसल की कटाई शुरू हो चुकी है। अत्यधिक बारिश होने के बाद बारिश का पानी फसलों में जमा हो गया है। कनीना के उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ. अजय यादव ने बताया कि कनीना ब्लाक में करीब 33 हजार हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि में से करीब 20484 हेक्टेयर में बाजरा, 8114 में कपास, 674 में हरा चारा, 116 में ग्वार सहित अरहर, तिल आदि की खेती की गई है।

#### पानी निकासी की मांग

महेंद्रगढ़ कनीना कोसली स्टेट हाईवे 24 पर उन्हाणी के समीप रामपुरी रजवाहे के लीकेज साइफन के स्थान पर पानी जमा होने व क्षतिग्रस्त सड़क मार्ग से हालात और अधिक खराब होते जा रहे हैं। अटेली मोड़, बस स्टैंड, गाहड़ा रोड सहित विभिन्न निचले स्थानों की हालत भी दयनीय बनती जा रही है। स्थानीय नागरिकों ने उपमंडल व नगर पालिका प्रशासन से पानी निकासी का स्थाई समाधान कर सड़क दुरुस्त करने की गुहार लगाई है।

#### क्या कहते है लोक निर्माण विभाग के जेई

इस बारे में लोक निर्माण विभाग के जेई नवल कुमार ने बताया कि सड़क पर जमा पानी की निकासी के लिए स्थायी समाधान की तलाश की जा रही है। दोनों विभागों के तालमेल से सीवरेज में पानी डाला जा रहा है। पानी सूखने के बाद सड़क मार्ग को दुरुस्त कराया जाएगा। दुकानदारों द्वारा नाले के लेवल तक डाली गई मिट्टी को जेसीबी मशीन से उठाया जाएगा। दुबारा ऐसा करने वाले नागरिकों को नोटिस जारी जाएंगे।

#### क्या कहती है नपा चेयरपर्सन

नगर पालिका कनीना की चेयरपर्सन डॉ. रिंपी लोढ़ा ने कहा कि पानी निकासी के लिए लोक निर्माण विभाग की ओर से नाले को व जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग की ओर से सीवरेज सिस्टम को दुरूस्त करने के लिए पत्र लिखा गया है। रेवाड़ी रोड पर जमा पानी को निकालने के लिए लोक निर्माण विभाग की ओर से अस्थाई पंप लगाए गए हैं, जो नाकाफी है। नपा की टीम मॉनिटरिंग कर जलभराव वाले स्थानों पर नजर रख रही है।

## श्रीरामलीला मंचन को लेकर बैठक का हुआ आयोजन

# श्रीराम के आदर्शों को अपना कर आगे बढ़ रही सेवा संस्थाः तायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल।


**नारनौल।** बैठक करते संस्था के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

भगवान नारायण सेवा संस्था की ओर से श्रीकृष्णा ड्रामेटिक क्लब अनाज मंडी के मंच पर बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता भगवान नारायण सेवा संस्था के मंच संचालक भारत भूषण तायल ने की। उन्होंने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान श्रीराम की लीला का आयोजन धूमधाम से किया जाएगा। इस अवसर पर सर्वप्रथम श्रीकृष्णा ड्रामेटिक क्लब के प्रधान अशोक भाटा व रामलीला के संरक्षक वेदप्रकाश सैनी के पुत्र का स्वर्गवास होने पर उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया गया।

बैठक में सभी की सहमति से रामलीला कमेटी के प्रभारी, प्रधान, उपप्रधान सचिव, कोषाध्यक्ष की नियुक्ति की गई। कमेटी के रामलीला प्रभाव प्रभारी दयानंद सैनी, संरक्षक वेदप्रकाश सैनी, वासुदेव सिंघल, प्रधान रवी गर्ग, उप प्रधान प्रेमचंद गुलाटी, कोषाध्यक्ष विजय जैन, सचिव मनोज निर्मल को बनाया गया। इसके बाद सभी ने अपने विचार रखे। रामलीला कमेटी के प्रधान रवी गर्ग व स्थान संयोजक अनुप भाटा ने कहा कि भगवान श्रीराम की लीला करने का समय आ गया। सभी सदस्यों ने कहा कि हम सब मिलकर भगवान श्रीराम की लीला में तन, मन, धन से सहयोग करेंगे। उन्होंने बताया कि 27 अगस्त से 18 सितंबर तक रामलीला की रिहर्सल गणेश पूजन के साथ प्रारंभ होगी। श्रीरामलीला का मंचन 19 सितंबर से तीन अक्टूबर तक किया जाएगा। इस मौके पर भारत भूषण तायल, दयानंद सैनी, विजय जैन, वासुदेव सिंघल, रवी गर्ग, संजय वर्मा, जगदीश बिल्ला, मनोज निर्मल, शुभम सोनी, जोगिंद्र शर्मा, संजय दुलगच, मुकेश आनंद, प्रवीण शर्मा, अरविंद सैनी, विकास कटारिया, गौरव सिंघल, विष्णु डेनवाल, रामकिशोर, संजय गोयल, देवकी सैनी, बिशनदयाल सैनी, रतन लाल, पंडित सीताराम मास्टर, राकेश, महावीर, अरुण चौधरी, नवीन कुमार, मोहन, संजय वर्मा, विवेक शर्मा, ध्रुव वर्मा, कनिष्क कोहली, अभिषेक सोनी, मुलायम, दीपक, रविंद्र, संजय गोयल, देवकीनंदन सैनी, राकेश कुमार, नवरत्न कुमार शर्मा, नरेश तायल, हितेश वर्मा, जितेन कटारिया, डॉ. ओमप्रकाश सैनी, प्रीति अग्रवाल, सुशील शास्त्री, अशोक, संदीप आदि मौजूद रहे।


**नारनौल।** बैठक करते श्री धार्मिक रामलीला ट्रस्ट चांदुवाड़ा सदस्य।

### श्रीधार्मिक रामलीला ट्रस्ट चांदुवाड़ी की 75वीं रामलीला का मंचन 20 सितंबर से

**नारनौल।** श्री धार्मिक रामलीला ट्रस्ट चांदुवाड़ा की ओर से पिछले 75 वर्षों से संचालित रामलीला का भव्य शुभारंभ 20 सितंबर से किया जाएगा। जिसको लेकर रामलीला ट्रस्ट के समस्त सदस्यों की बैठक संरक्षक शिम्भुदयाल गर्ग की अध्यक्षता में हुई। सर्वप्रथम ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष जगदीश भारद्वाज ने बताया कि इस वर्ष रामलीला हेतु तैयारियों के लिए रिहर्सल 20 अगस्त से शुरू होगी व रामलीला का मंचन 20 सितंबर से किया जाएगा। इसके उपरांत सचिव दीपक हरित ने रामलीला के सभी कलाकारों व सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी भक्तों के सहयोग से रामलीला पिछले 75 वर्षों से लगातार प्रभु श्रीराम की सेवा में उनका संदेश जन जन तक पहुंचाने का सुंदर कार्य निभा रही है और आप सभी के सहयोग से ही चांदुवाड़ा रामलीला मंचन को नया भव्य व दिव्य रूप दिया गया है। प्रधान संजय गर्ग ने बैठक में पधारे सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि इस वर्ष ट्रस्ट अपनी 75वीं रामलीला का सुंदर मंचन करने जा रहा है। प्रधान संजय गर्ग ने सभी कलाकारों से 20 अगस्त से रिहर्सल के लिए समय निकालने का अनुरोध किया। इस मौके पर संरक्षक शिम्भुदयाल गर्ग, प्रधान संजय गर्ग, सचिव दीपक हरित आदि रहे।


**महेंद्रगढ़।** नेताजी सुभाष चंद्र के चित्र में पुष्प अर्पित करते स्कूल स्टॉफ सदस्य।

### राव जयराम स्कूल में मनाई नेताजी सुभाष चंद्र बोस की पुण्यतिथि

**महेंद्रगढ़ ।** के अटेली रोड पर स्थित राव जयराम वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय निदेशक सुरेन्द्र कुमार तथा प्राचार्य नरेंद्र कुमार सहित समस्त शिक्षकगण और विद्यार्थियों ने नेताजी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय परिसर में नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पण से हुई, जिसके बाद सभी उपस्थित लोगों ने मौन धारण कर उन्हें नमन किया। निदेशक सुरेन्द्र कुमार ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का नाम भारत के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में सदा स्वर्ण अक्षरों में अंकित रहेगा। उन्होंने ब्रिटिश साम्राज्य की गुलामी से मुक्ति दिलाने के लिए असाधारण साहस, अदम्य इच्छाशक्ति और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया। उनका जीवन इस बात का प्रमाण है कि यदि मन में राष्ट्र के प्रति समर्पण और स्वतंत्रता की ज्वाला हो तो असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। प्राचार्य नरेंद्र कुमार ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को कटक, ओडिशा में हुआ था। बचपन से ही वे मेधावी छात्र थे और अपनी शिक्षा पूरी करने के बाद उन्होंने भारतीय सिविल सेवा की परीक्षा में भी सफलता प्राप्त की। किन्तु अंग्रेजी शासन के अंतर्गत नौकरी करना उन्हें रास नहीं आया और उन्होंने नौकरी छोड़कर देश की स्वतंत्रता के आंदोलन में स्वयं को समर्पित कर दिया।

**PUBLIC NOTICE**

I, Suman W/o Sh. Surender Kumar R/o Mohalla Purani Sarai, Narnaul, Distt. Mahendergarh (HR) informs you all that in my son Jatin's 10th class mark-sheet my name is wrongly recorded as Sumen, but correct spelling of my name is Suman.

**PUBLIC NOTICE**

I Chiranjilal S/o Niranjan Lal R/o VIllage Bargaon Tehsil Narnaul Distt. Mahendergarh Haryana declare that my wife name has been mentioned as Savita Devi and my name as mentionan is Chiranji Lal in my Son Akhilesh Yadav 10th class marksheet by mistake. my wife correct name is Savita & my correct name is Chiranjilal. necessary correction as per rule.

**PUBLIC NOTICE**

मैं सुभाष चंद चौधरी पुत्र अमर चंद चौधरी फ्लैट नं. 102 प्रथम फ्लोर हरी टावर नजदीक लैंड मौटीज बैंक, शिव कालोनी नारनौल तहसील नारनौल जिला महेंद्रगढ़ हरियाणा बयान करता हूं कि मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड व बैंक खाते में मेरा नाम सुभाष चंद चौधरी Subhash Chand Choudhary दर्ज है। जबकि मेरे शेयर सर्टिफिकेट के अन्दर मेरा नाम सुभाष चंद अग्रवाला Subhash Chand Aggarwala दर्ज है। मुझे इन दोनों ही नामों से जाना जाता है। ये दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है।

**PUBLIC NOTICE**

मैं मीरा चौधरी पत्नी सुभाष चंद वासी फ्लैट नं. 102 प्रथम फ्लोर हरी टावर नजदीक लैंड मौटीज बैंक शिव कालोनी नारनौल तहसील नारनौल जिला महेंद्रगढ़ हरियाणा बयान करती हूं कि मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड व अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम मीरा चौधरी MEERA Choudhary लिखा हुआ है व मेरे शेयर सर्टिफिकेट में मेरा नाम मीरा अग्रवाल MEERA Aggarwal है। MEERA Choudhary व मीरा अग्रवाल दोनों मेरे ही नाम है इसकी पूरी जिम्मेदारी मेरी है।

**ग्राम पंचायत बास किरारोद उमराबाद**
तहसील नारनौल जिला महेंद्रगढ मो. 9050698653

ग्राम पंचायत बास किरारोद उमराबाद में जोहड को मछली पालन हेतु पट्टे पर छोडा जाना है। बोली दिनांक 19 अगस्त को प्रातः 11 बजे गांव की एससी चौपाल पर लगाई जाएगी। बोली की शर्तें मौके पर बताई जाएगी।

सरपंच, ग्राम पंचायत बास किरारोद उमराबाद

# यदुवंशी स्कूल ने क्विज प्रतियोगिता में पाया द्वितीय स्थान, दिया सम्मान

- प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कार से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़


**महेंद्रगढ़।** प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते स्कूल स्टॉफ सदस्य।

शहर के बुचौली रोड स्थित यदुवंशी स्कूल की छात्रा ने एचएसएसीएस द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित खंड स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सराहनीय प्रदर्शन करते हुए अपने माता-पिता व स्कूल का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में जिले के सभी सरकारी व गैर-सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का विषय एचआईवी एवं एडस तथा स्वस्थ जीवनशैली रहा। विद्यालय के प्राचार्य पवन कुमार ने कहा कि स्कूल की छात्रा जिया ने अपने उत्कृष्ट ज्ञान व प्रस्तुति से सभी को प्रभावित किया तथा द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी की यह सफलता उसकी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर ही हम एक उज्ज्वल व सुरक्षित भविष्य की ओर बढ़ सकते है। ग्रुप के चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि यदुवंशी विद्यार्थी ने एक बार फिर सिद्ध किया है कि ज्ञान, जागरूकता और आत्मविश्वास से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

# इंडियन टैलेंट ओलंपियाड में एसडी स्कूल ककराला को प्रदेश स्तरीय गोल्डन स्कूल का सम्मान

- स्कूल प्रबंधन ने प्रतिभाओं को पुरस्कार से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना



**कनीना।** विद्यार्थियों को सम्मानित करते चेयरमैन जगदेव यादव व अन्य।

इंडियन टैलेंट ओलंपियाड में एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला के विद्यार्थियों ने लगातार शानदार प्रदर्शन करते हुए हरियाणा राज्य में प्रथम स्थान हासिल किया है। इस ओलम्पियाड में प्रदेश स्तर पर छात्रा साक्षी पुत्री सोमबीर सिंह ने गणित विषय में टॉप किया। वहीं जीवेश पुत्र नवीन ने श्रेष्ट पदक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय में सोमवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के चेयरमैन जगदेव सिंह यादव व विद्यालय प्रबंधन ने छात्रा व छात्र को स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया।

चेयरमैन जगदेव यादव ने कहा कि अध्यापकों व अभिभावकों के संयुक्त प्रयास से विद्यार्थियों ने यह परिणाम हासिल किया है। उन्होंने विद्यार्थियों को सच्ची लगन से परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि कर्म सर्वोपरि है। प्रत्येक कार्य को मन लगाकर आनन्द से पूरा करना चाहिए। ऐसा करने से काम करने की गति भी बढ़ती तथा काम सुंदर तरीके से पूरा होता है। संस्था की ओर से शिक्षक वर्ग में विनोद यादव, शोभाराय, रेखा व सरोज कुमारी को श्रेष्ठ अध्यापक का सम्मान दिया गया तथा ज्योति वर्मा, जोगिन्द्र सिंह, सुरेन्द्र चौहान, उपप्रधानाचार्य व प्राचार्य को आगामी नवम्बर माह में मुम्बई में आयोजित होने वाले सम्मान समारोह के लिए निमंत्रण दिया गया। इस मौके पर प्राचार्य ओमप्रकाश, उपप्राचार्य पूर्णसिंह, विद्यालय समिति के वरिष्ठ सदस्य राजेन्द्र यादव आदि रहे।

**आयोजन** पहलवानों की जोरआजमाइश देखकर दर्शक हुए हैरान

*सिहमा खंड के गांव डेरोली अहीर में लगा बाबा गोगा महाराज का मेला*

# गोगा मेले में पहलवान नरेश ने जीता 11 हजार का इनाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली


**मंडी अटेली।** डेरोली अहीर मेले में पहलवानों के हाथ मिलवाते सरपंच लखीराम यादव व अन्य। फोटो : हरिभूमि

सिहमा खंड के गांव डेरोली अहीर में बाबा गोगा महाराज का मेला आयोजित किया गया। इस मेले में खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई। बाबा जाहरवीर गोगा जी के मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन कर पूजा की। इस मेले में गांव के सरपंच लखीराम यादव व मेला कमेटी ने खेलों में विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। 11 हजार की कुश्ती प्रतियोगिता में डेरोली अहीर के पहलवान पवन को हराकर नरेश बाघोत ने जीती। मेले में कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम विजेता टीम डेरोली अहीर को 31 हजार व द्वितीय नारनौल को 21 हजार रुपये का नगद पुरस्कार दिया गया। वहीं 7100 को कुश्ती पहलवान विकास और पहलवान संदीप गहली के बीच हुई। जो रोमांचक मुकाबले के बाद बराबरी पर छूटी। इस मौके पर सरपंच लखीराम यादव ने बताया कि राजस्थान में स्थित गोगा मेड़ी मंदिर के बाद अगर गोगाजी का मंदिर है तो वह डेरोली अहीर की बणी में स्थित है। यह मेला लगभग सैकड़ो वर्षों से चला आ रहा है। उन्होंने कहा कि खेल व्यक्ति के चरित्र और व्यक्तित्व के निर्माण में मदद करते हैं। इस मौके पर थानेदार मामन सिंह, प्रमोद, मंजीत पंच, रोहतास, महावीर बाबू, रामकिशन, राजेंद्र, मुनीम खान, सुनील, राजपाल, ओमवीर, रघुवीर, पंकज शास्त्री व अखिलेश आदि उपस्थित रहे।

# वकीलों के हक-अधिकार की लड़ाई में साथ खड़े रहेंगे : सत्यवीर


**नारनौल।** कांग्रेस जिला प्रधान सत्यवीर झूकिया के स्वागत कार्यक्रम को संबोधित करते बार प्रधान संतोख सिंह।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जिला बार एसोसिएशन में कांग्रेस के नवनियुक्त जिला प्रधान सत्यवीर झुकिया बार प्रधान संतोख सिंह के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने पुष्पा वर्षा एवं फूल मालाओं के साथ–साथ लड्डूओं से स्वागत किया। बार प्रधान संतोख सिंह ने कहा कि सत्यवीर झूकिया हमारी बार के सक्रिय मैंबर हैं तथा वह देश की संसद में मुख्य विपक्षी दल के नेता राहुल गांधी की मुख्य टीम से लेकर विभिन्न पदों पर रहे हैं और इनको अच्छा खासा राजनीतिक अनुभव रहा है। कांग्रेस जिला प्रधान सत्यवीर झुकिया ने कहा कि पार्टी ने उन्हें बड़ी जिम्मेवारी दी है तथा वे उसे पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से निभाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने वकीलों को आश्वासन दिया कि उनके हक–अधिकार की लड़ाई में वे हमेशा उनके साथ खड़े मिलेंगे। उन्होंने कहा कि वे वकीलों के मान–सम्मान में कभी कोई कमी नहीं आने देंगे। इस मौके पर बार एसोसिएशन के सचिव प्रदीप यादव, सुरेन्द्र ढिल्लो, बजरंग जांगड़ा, पूर्व प्रधान एडवोकेट मंजीत यादव मांदी, कर्णसिंह भोजावास, ललित तंवर, जयकिशन व कुलदीप गुज्जर आदि ने संबोधन दिया तथा झूकिया का स्वागत किया।



# स्वास्थ्य मंत्री ने कनीना क्षेत्र में किया विकास कार्यों का उद्घाटन, दी कई सौगातें

**खास बातें**
- सरकार लगातार जनकल्याण के कार्यों में लगी : आरती सिंह राव
- गांव में भी बुनियादी ढांचे को मजबूत करना सरकार का लक्ष्य


कनीना। जनसभा को संबोधित करती स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कनीना

स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चल रही हरियाणा सरकार लगातार जनकल्याण के कार्यों में लगी हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में ढांचागत सुविधाओं पर फोकस किया जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री सोमवार को कनीना क्षेत्र के गांव गाहड़ा तथा सिहोर में जनसभाओं को संबोधित कर रही थी। इस मौके पर उन्होंने विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन किया। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि गांवों के निवासियों के जीवन स्तर को सुधारना और बुनियादी ढांचे को मजबूत करना सरकार का लक्ष्य है।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। नागरिक अस्पतालों से लेकर स्वास्थ्य केंद्रों तक सभी प्रकार की सुविधा मुहैया करवाई जा रही हैं। इन जनसभाओं के बाद स्वास्थ्य मंत्री ने कनीना में आरएस वाटिका में आम नागरिकों की शिकायतों को सुना तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश जारी किए। इस मौके पर एसडीएम डॉ. जितेंद्र सिंह, सीएमओ डॉ. अशोक कुमार, डीडीपीओ हरिप्रकाश बंसल, तहसीलदार पायल, नगर पालिका प्रधान रिम्पी लोढ़ा, ब्लॉक समिति चेयरमैन जयप्रकाश, अटेली नगर पालिका चेयरमैन संजय गोयल, कंवर सिंह कलवाड़ी, विक्रम सरपंच, विकास चेयरमैन सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

गाहड़ा गांव में हुए प्रमुख विकास कार्यः गाहड़ा से धनौंदा रास्ते का निर्माण, गाहड़ा से उन्हाणी रास्ते का निर्माण, गाहड़ा से कोटिया रास्ते का निर्माण, बच्चों व युवाओं के लिए जिम का सामान पास किया गया, नहर से लेकर देवेंद्र पुत्र नौरंगलाल के खेत तक रास्ते का निर्माण, नहर से लेकर मंजीत पुत्र वेदपाल के खेत तक रास्ते का निर्माण, कनीना से बाघोत तक वाया गाहड़ा सिहोर रोड का निर्माण जल्द शुरू करवाया जाएगा।

सिहोर गांव में हुए प्रमुख विकास कार्यः खेल के मैदान में तीन शेड लगवाए गए, बीपीएल कॉलोनी में तीन गलियों को पक्का करवाया गया, धर्मपाल के घर से मोहर सिंह के प्लॉट तक रास्ते का निर्माण, पीडब्ल्यूडी रोड कनीना गाहड़ा सिहोर बहुत जल्दी बनवाया जाएगा, एससी चौपाल में ट्यूबवेल लगवाया गया, सिहोर से कनीना वाया मानका की बनी से होते हुए रास्ता जल्दी बनवाया जाएगा, सिहोर से धनौंदा रास्ता जल्दी बनवाया जाएगा।

### स्वास्थ्य मंत्री ने कनीना में सुनी क्षेत्र के लोगों की समस्याएं, दिया न्याय का भरोसा

**कनीना।** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कनीना के आरएस वाटिका में एक जन सुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान उन्होंने कनीना व आसपास के क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याओं को सुना और उनके त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। इस कार्यक्रम में कुल 130 नागरिकों ने अपनी शिकायतें और सुझाव प्रस्तुत किए। जिनमें स्वास्थ्य, विकास और प्रशासनिक मुद्दों से संबंधित मामले शामिल थे। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार नागरिकों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील है और उनका प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का मुख्य उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ पहुंचाना है। जन सुनवाई जैसे कार्यक्रम इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। जहां हम सीधे जनता से जुड़कर उनकी वास्तविक जरूरतों को समझ सकते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्राप्त शिकायतों का संज्ञान लें और समयबद्ध तरीके से उनका समाधान करें। मंत्री ने यह भी बताया कि हरियाणा सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है, ताकि सभी नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

## खबर संक्षेप

### कांटी में आवारा कुत्तों से ग्रामीण खासे परेशान

**मंडी अटेली।** अटेली खंड के गांव कांटी में आवारा कुत्तों से ग्रामीण व राहगीर खासे परेशान हैं। गांव में आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। सुप्रीम कोर्ट के सख्त आदेश के बावजूद प्रशासन व ग्राम पंचायत गंभीर नहीं है। गांव के बिचला पाना में दो-तीन आवारा कुत्ते आदमखोर बने हुए हैं। इन कुत्तों को पकड़ने के लिए ग्राम पंचायत के साथ अटेली पुलिस थाने को अवगत कर दिया है, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ये कुत्ते अभी तक एक दर्जन से अधिक लोगों को काट चुके हैं। देश की शीर्ष अदालत के एक सप्ताह पहले आए निर्णय के बाद ग्राम पंचायत व जिला प्रशासन कुत्तों को आश्रय गृहों में छोड़ने के नाम पर सुस्त बने हुए हैं।

### भाजपा ने देश में विकास की नींव रखीः डॉ. सतीश

**नारनौल।** भाजपा जिला कार्यकारिणी की बैठक में मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ.



सतीश पूनिया ने भाजपा का इतिहास व विकास विषय पर बोलते हुए कहा कि भाजपा ने देश में विकास आधारित राजनीति की नींव रखी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जिस काबिलियत से सरकार चला रहे हैं वो अदभुत है। गरीबों के सर पर पक्की छत है। इस मौके पर सतीश पूनिया ने विकसित हरियाणा के संकल्प के साथ संगठन की मजबूती का संकल्प भी कार्यकर्ताओं को दिलाया।

## भिवानी में इस हत्याकांड की आग अब महेंद्रगढ़ जिला तक पहुंची

# मनीषा हत्याकांड के विरोध में आक्रोश रैली व विरोध प्रदर्शन

भिवानी जिले की महिला शिक्षिका मनीषा हत्याकांड के विरोध में सड़कों पर उमड़ा सैलाब


नारनौल। महावीर चौक पर कैंडल मार्च निकालने वालों की लगी भीड़।


नांगल चौधरी। आक्रोश रैली निकालते कांग्रेस कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल

भिवानी जिले की महिला शिक्षिका मनीषा हत्याकांड के विरोध में रविवार शाम को शहर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने कैंडल मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे। कैंडल मार्च की वजह से कुछ समय के लिए शहर के महावीर चौक पर जाम की स्थिति बन गई।

शहर के महावीर चौक पर रविवार रात को अनेक सामाजिक संस्थाओं में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन से पूर्व कई सामाजिक संस्थाएं आजाद चौक पर एकत्र हुई। वहीं कई सामाजिक संस्थाएं नेताजी सुभाष चंद्र बोस पार्क के पास, कुछ सामाजिक संस्थाएं सेक्टर एक में भी एकत्र हुई। चार दिशाओं से अलग-अलग सामाजिक संस्थाओं ने कैंडल मार्च निकाला। इसके बाद सभी महावीर चौक पर एकत्र हुए। महावीर चौक पर महिला कांग्रेस की डॉक्टर राजवती यादव ने बताया कि प्रदेश में अपराधी में लगाम हो गए हैं। आए दिन मर्डर, बलात्कार व अन्य घटनाएं हो रही हैं। वही सरकारी अपराधियों को पकड़ने में नाकाम साबित हो रही है। भिवानी जिले में महिला शिक्षिका की हत्या हुए चार दिन हो गए हैं, मगर अभी तक अपराधी पुलिस की पकड़ से बाहर है तथा खुलेआम घूम रहे हैं। इस मौके पर भोलेनाथ ग्रुप, शीतला माता ग्रुप, बजरंग दल, गो रक्षा दल, केशव नगर के युवा सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के सदस्यों द्वारा प्रर्दशन किया गया।

### मनीषा के हत्यारों की गिरफ्तारी की उठी मांग



**नारनौल।** भिवानी जिले के गांव लक्ष्मण की ढाणी की बेटी मनीषा के हत्यारों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग को लेकर भवन निर्माण कारीगर मजदूर यूनियन एवं किसान नेता बलबीर सिंह के नेतृत्व में नायब तहसीलदार नारनौल के मार्फत प्रदेश मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नाम ज्ञापन भेजकर मांग की है कि मनीषा के हत्यारों को गिरफ्तार किया जाए। लापरवाह पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ और सख्त एक्शन लिया जाए, ताकि भविष्य में कोई और पुलिस कर्मी व अधिकारी अपनी ड्यूटी में लापरवाही न करने पाए। इस अवसर कामरेड बलबीर सिंह व प्रधान सीताराम ने कहा कि प्रदेश में अपराध चरम पर है। प्रशासन व पुलिस लोगों को सुरक्षा देने में विफल है। आम जनता के साथ कब क्या घटना हो जाए, कोई पता नहीं है। चिंता की बात है कि अब गैर कानूनी हथियार गांव-गांव में पहुंच रहे हैं।

### शिक्षिका मनीषा की हत्या पर भड़के कांग्रेस कार्यकर्ता

**नांगल चौधरी।** भिवानी जिले के सिंघानी गांव में शिक्षिका मनीषा हत्याकांड पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रोष जताया है। विधानसभा चुनावों में प्रत्याशी रहे राजाराम गोलवा की अगुवाई में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा तथा दोषियों को जल्द गिरफ्तार करके कड़ी सजा देने की गुहार लगाई। इस दौरान उन्होंने प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था पर आक्रोश व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अपराधियों को पुलिस और कानून का डर खत्म हो गया। वारदात को अंजाम देकर खुले में घूम रहे अपराधियों से भय का माहौल बना हुआ है। महिलाएं घरों में भी सुरक्षित नहीं, अपराधिक तत्व दुष्कर्म करने के बाद नेताओं के संरक्षण में चले जाते हैं। ऐसे में पुलिस को निष्पक्ष कार्रवाई करना संभव नहीं हो पाता। लचर कानून व्यवस्था के चलते भिवानी जिले के सिंघानी गांव में शिक्षिका का निर्मम हत्या कर दी गई। वारदात को तीन दिन बीत चुके हैं, अभी तक दोषियों की पहचान तक नहीं हुई। ग्रामीणों के आक्रोश को शांत करने तथा मामले को दबाने के लिए एसपी का तबादला कर दिया। आक्रोशित ग्रामीण घटना स्थल पर धरना दे रहे हैं।

### अभाविप ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर निकाला रोष मार्च




**महेंद्रगढ़।** छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने इस घटना के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। राजकीय महिला महाविद्यालय से बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने हाथों में बैनर लेकर विरोध रैली निकाली। यह रैली कॉलेज के गेट से शुरू होकर नेशनल हाईवे-148इ तक पहुंची, जहां छात्रों ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। एबीवीपी के जिला संयोजक कमल रोहिल्ला ने कहा कि प्रदर्शनकारी छात्रों ने कहा कि मनीषा के साथ हुई यह जघन्य हत्या न केवल एक परिवार बल्कि पूरे समाज को झकझोरने वाली है। छात्र संगठन ने चेतावनी दी कि यदि दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो विरोध और तेज किया जाएगा।

## तहसील कार्यालय तैयार होगा मॉडर्न रिकॉर्ड रूम, जगह चिन्हित करने के निर्देश


मंडी अटेली। अटेली में अधिकारी व कर्मचारियों की हाजिरी चेक करते डीसी डॉ. विवेक भारती। फोटो : हरिभूमि

- डीसी डॉ. विवेक भारती ने किया तहसील व खंड कार्यालय का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मंडी अटेली

उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने सोमवार को अटेली तहसील तथा खंड कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नागरिकों से भी सरकार की ओर से दी जा रही सुविधाओं के बारे में फीडबैक लिया। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा सेवाओं का निश्चित अवधि में लाभ दिया जाए। नायब तहसीलदार को निर्देश दिए कि वे रजिस्ट्री के लिए दिन निर्धारित करके उसी दिन हर हाल में रजिस्ट्री करवाना सुनिश्चित करें। इस संबंध में नागरिकों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उपायुक्त ने तहसील कार्यालय तथा खंड कार्यालय में अधिकारियों व कर्मचारियों की हाजिरी भी चेक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अटेली में मॉडर्न रिकॉर्ड रूम के लिए जगह निर्धारित करें, ताकि रिकॉर्ड को सही तरीके से सुरक्षित रखा जा सके। तहसील में एक मॉडर्न रिकॉर्ड रूम तैयार किया जाएगा। अधिकारियों को साफ सफाई के संबंध में निर्देश दिए कि कार्यालय तथा इसके आसपास स्वच्छता पर विशेष फोकस किया जाए। उन्होंने पुराने सामान तथा रिकॉर्ड के संबंध में निर्देश दिए कि सरकार के नियम अनुसार इनका निष्पादन करना सुनिश्चित करें। इस मौके पर एसडीएम अनिरुद्ध यादव व नायब तहसीलदार दलबीर दुग्गल के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

### शतरंज प्रतियोगिता में गितांशु जलवान ने जीता गोल्ड

**नारनौल।** स्कूल गेम्स फैडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में गितांशु जलवान पुत्र डॉ. सुरेन्द्र जलवान ने अंडर 17 आयुवर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस सफलता पर उसकी हौसला अफजाई के लिए सर्व अनुसूचित जाति संघर्ष समिति ने प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिह्न देकर आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सफलता के लिए बधाई दी। गितांशु जलवान ने बताया कि वह सीएल पब्लिक स्कूल में 10वीं कक्षा का छात्र है तथा उसने सभी पांचों मैच जीत कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। गितांशु खेल के अतिरिक्त पढ़ाई में भी अव्वल रहता है। गितांशु ने इस सफलता का श्रेय अपने टीचर्स, प्रधानाचार्य, एमडी अमित गुप्ता, माता, पिता व दादा दादी को देते हुए कहा कि वे इस खेल के लिए हमेशा मार्गदर्शन व प्रोत्साहित करते रहते हैं।

## निजामपुर सीनियर सेकेंडरी में कक्षा छठी से बारहवीं तक के मेधावी विद्यार्थी पुरस्कृत


नारनौल। मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल

शिक्षा समिति निजामपुर ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के पूर्व राज्य सचिव धर्मपाल शर्मा थे। समारोह की अध्यक्षता विद्यालय की प्रिंसिपल बिंदू यादव ने की। इस अवसर पर निजामपुर ग्राम पंचायत के सरपंच सुरेन्द्र सिंह, सेवानिवृत्त मुख्य अध्यापक जुगतीराम व सूबेदार जगराम विशेष रूप से उपस्थित थे। कक्षा 6-12वीं कक्षा में वार्षिक परीक्षा मार्च 2025 में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कक्षा बारहवीं में शिवानी पुत्री तेजपाल प्रथम, टीना पुत्री बलबीर द्वितीय, पूजा पुत्री दयाराम तृतीय स्थान पर रही। कक्षा 11वीं में एकता पुत्री सवाई सिंह प्रथम, प्रिया पुत्री रामपाल द्वितीय, सानिया पुत्री संदीप तृतीय रही। कक्षा दसवीं में तमन्ना पुत्री मनोज कुमार प्रथम, प्रिया पुत्री रामलाल द्वितीय, निधि पुत्री यशपाल तृतीय स्थान पर रही। कक्षा 9वीं में गुंजन पुत्री सुनील प्रथम, प्रियंका पुत्री सुजान द्वितीय व दीपिका पुत्री कृष्ण कुमार तृतीय स्थान पर रही। आठवीं कक्षा में दीपांशु पुत्र जगबीर प्रथम, कुमकुम पुत्री मुकेश द्वितीय, खुशबू पुत्री विजय पाल तृतीय स्थान पर रही। सातवीं कक्षा में जया पुत्री मुकेश प्रथम, सपना पुत्री मनोज द्वितीय व विशाल पुत्र छल बिहारी तृतीय स्थान पर रहा।

## मनीषा हत्याकांड के विरोध में बच्चों ने किया रोष प्रकट


महेंद्रगढ़। रोष प्रकट करते स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महेंद्रगढ़

स्थानीय मोहल्ला जवाहरनगर स्थित श्री ओम साईंराम एकेडमिक हाईट्स पब्लिक स्कूल परिसर में बच्चों द्वारा भिवानी जिले की लेडी टीचर मनीषा हत्याकांड के विरोध में रोष प्रकट करते हुए कैंडल मार्च निकला गया। इसके बाद विद्यालय चेयरमैन रमेश सैनी एवं चेयरपर्सन निशा सैनी के नेतृत्व में विद्यालय स्टाफ एवं बच्चों द्वारा लेडी टीचर मनीषा को श्रद्धांजलि देते हुए प्रशासन से मांग की गई कि आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करके फांसी दी जाए। विद्यालय प्राचार्या ज्योति शर्मा व बचपन हेड रूपाली अरोड़ा ने कहा कि आज एक बेटी के साथ ऐसा हुआ है तो कल किसी दूसरी के साथ भी ऐसा हो सकता है। इस अवसर पर विद्यालय संस्थापक शेरसिंह सैनी, प्रवक्ता अमरसिंह सोनी, उप प्राचार्या मोनिका दीवान, पूनम गोस्वामी आदि उपस्थित थे।

## एसजीएफआई जिला स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में एकलव्य के शूटरों ने जीते 9 पदक

- विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर किया गया सम्मानित


नारनौल। एकलव्य एकेडमी के शूटर। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल

रेवाड़ी रोड स्थित एकलव्य स्पोर्ट्स शूटिंग एकेडमी के नौ शूटरों ने पदक जीत कर जिलेभर में नाम रोशन किया है। एकेडमी के सचिव सुरेश चौहान एडवोकेट ने जानकारी देते हुए बताया कि 11 से 13 अगस्त तक यदुवंशी स्कूल कनीना में जिला स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता सम्पन्न हुई, जो शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित कराई गई थी। जिसमें एकेडमी के विभिन्न आयु वर्ग के नौ शूटरों ने पदक प्राप्त किए। अंडर 14 महिला पिस्टल वर्ग में दिव्या शेखावत प्रथम, अंडर 17 महिला पिस्टल वर्ग में मनस्वी शर्मा प्रथम, कविता दूसरे स्थान पर रही। अंडर 14 पुरुष पिस्टल वर्ग में हेमांश सिंह प्रथम व प्रथमेश दूसरे स्थान पर रहे। अंदर 17 पुरुष पिस्टल वर्ग में मेहुल चौहान दूसरे स्थान पर रहा। अंडर 19 पुरुष पिस्टल वर्ग में साहिल शेरावत प्रथम व रोहित यादव तीसरे स्थान पर रहे। अंडर 19 पुरुष राइफल वर्ग में प्रिंस ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। इन सभी शूटरों ने अपने माता पिता के साथ अपने कोच व जिले का नाम रोशन किया है। अब ये सभी शूटर 29 अगस्त से एसजीएफआई स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## ज्ञानकोष ग्लोबल स्कूल में विद्यार्थियों ने दी सुभाषचंद्र बोस को श्रद्धांजलि


महेंद्रगढ़। सुभाषचंद्र बोस को श्रद्धांजलि देते स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महेंद्रगढ़

गांव खरखड़ा आकोदा स्थित ज्ञानकोष ए ग्लोबल स्कूल में सोमवार को सुभाष चंद्र बोस की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर संस्था के सीईओ राकेश कुमार ने सुभाष चंद्र बोस के जीवन पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का नाम भारत के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में सदा स्वर्ण अक्षरों में अंकित रहेगा। उन्होंने ब्रिटिश साम्राज्य की गुलामी से मुक्ति दिलाने के लिए असाधारण साहस, अदम्य इच्छाशक्ति और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया। उनका जीवन इस बात का प्रमाण है कि यदि मन में राष्ट्र के प्रति समर्पण और स्वतंत्रता की ज्वाला हो तो असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को कटक, ओडिशा में हुआ था। बचपन से ही वे मेधावी छात्र थे और अपनी शिक्षा पूरी करने के बाद उन्होंने भारतीय सिविल सेवा की परीक्षा में भी सफलता प्राप्त की। किन्तु अंग्रेजी शासन के अंतर्गत नौकरी करना उन्हें रास नहीं आया और उन्होंने नौकरी छोड़कर देश की स्वतंत्रता के आंदोलन में स्वयं को समर्पित कर दिया। उनका यह निर्णय इस बात का प्रतीक था कि उनके लिए व्यक्तिगत सुख-सुविधाओं से अधिक महत्वपूर्ण देश की आजादी थी। प्राचार्य रामनिवास यादव ने बताया कि नेताजी का संघर्ष केवल भारत तक सीमित नहीं रहा। उन्होंने जर्मनी और जापान जाकर आजाद हिंद फौज का गठन किया।

### व्यापार मंडल की बैठक में नवनियुक्त पदाधिकारियों को सौंपा पदभार

## हरियाणा व्यापार मंडल की जंबो कार्यकारिणी घोषित


नारनौल। व्यापार मंडल के संरक्षक लाला सत्यनारायण गुप्ता को सम्मानित करते जिलाध्यक्ष वैद्य किशन वशिष्ठ। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल

हरियाणा व्यापार मंडल की ओर से सोमवार अपार होटल में जिलाध्यक्ष वैद्य किशन वशिष्ठ ने जिला कार्यकारिणी में चुने गए पदाधिकारियों को पदभार प्रदान करते हुए उन्हें सम्मानित भी किया। वहीं व्यापारियों ने भिवानी जिले की बेटी मनीषा की मौत पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए दो मिनट का मौन भी रखा। इस दौरान उन्होंने कहा कि हम सब व्यापारी किसी न किसी राजनीतिक दल से जुड़े हुए हैं, लेकिन हम सबके लिए राजनीतिक दल बाद में है और व्यापार मंडल सबसे ऊपर है। संघर्ष हमारी फितरत में रहा है और हमें संघर्ष के ही संस्कार मिले हैं। व्यापारियों के हक की लड़ाई लड़ने में कभी पीछे नहीं हटेंगे। हमारा मिशन राजनीति से ऊपर उठकर व्यापार हित में काम करना है। उन्होंने कहा कि चुनी गई कार्यकारिणी में से 11 व्यापारियों की एक कमेटी का गठन किया जाएगा, जो जरूरत पड़ने पर तुरंत मामले पर संज्ञान लेगी। हर माह मीटिंग की जाएगी। व्यापारी का आग लगने, आपदा आने, शार्ट सर्किट या अन्य किसी कारणों से जान–माल की हानि होती है तो उसकी मदद की जाएगी।

### इन्हे सौंपी गई जिम्मेदारी

हरियाणा व्यापार मंडल की जैंबो कार्यकारिणी में चार सदस्यीय संरक्षक एवं मार्गदर्शक मंडल बनाया गया है, जिसमें धर्मचंद छाबड़ा, लाला सत्यनारायण गुप्ता, सरदार बलदेव सिंह चहल एवं नरेंद्र झिमरिया को स्थान दिया गया है। इसी प्रकार जिला कार्यकारिणी में जिलाध्यक्ष वैद्य किशन वशिष्ठ एवं वरिष्ठ जिला महामंत्री सुरेंद्र चौधरी को बनाया गया है, वहीं उपाध्यक्ष गजानंद चौधरी, विनोद गुप्ता, अजीत सैनी, अशोक सैनी, सरदर सुरजीत सिंह अरोड़ा, भारत जिंदल, सुरेंद्र सोनी, धर्मवीर यादव, विमल गोयल, कृष्ण कुमार गुप्ता व नरेश गोगिया को बनाया गया है। महामंत्री संयत संघी दीवानजी, बद्रीप्रसाद गर्ग, संदीप शांडिल्य, राजेश कटारिया, जगमोहन गर्ग एवं त्रिलोक चंद सैनी को बनाया गया है। खेमचंद शर्मा को संगठन मंत्री बनाया गया है। इसी प्रकार मंत्री घनश्याम गर्ग, मनीष गोगिया, सुरेश पाहुजा, रतन नूनीवाला व नरेश मित्तल को बनाया गया है। कोषाध्यक्ष संजय चौधरी को बनाया गया है। कानूनी सलाहकार राजकुमार यादव एडवोकेट को बनाया गया है। जिला प्रवक्ता मुकेश जैन एवं मीडिया प्रभारी सोमदेव शर्मा को बनाया गया है, जबकि संजय गर्ग को नारनौल नगर का अध्यक्ष बनाया गया है।